# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 25.12.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

### अटल

देश आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर उन्हें नमन कर रहा है। वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में भी मनाई जाती है।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर आज लखनऊ जा रहे हैं। नरेन्द्र मोदी अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करेंगे और जन सभा को संबोधित करेंगे। स्वतंत्र भारत की महान विभूतियों की गौरवशाली विरासत के प्रति सम्मान व्यक्त करने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के अनुरूप निर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल, उस महान राजनेता के जीवन और आदर्शों के प्रति श्रद्धांजलि होगी जिनके नेतृत्व ने देश की लोकतांत्रिक, राजनीतिक और विकास यात्रा पर गहरी छाप छोड़ी है। इस परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 65 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं हैं, जो भारत के राजनीतिक चिंतन, राष्ट्र निर्माण और सार्वजनिक जीवन में उनके महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक हैं।

### वाजपेयी–श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा श्री वाजपेयी ने अपना पूरा जीवन सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उन्हें एक सशक्त वक्ता और महान कवि के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा। उनका व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व राष्ट्र के समग्र विकास के लिए प्रकाश स्तंभ बने रहेंगे। इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रिज मैदान पर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वाजपेयी प्रखर व्यक्तित्व के धनी थे और देश की राजनीति में उनका अविस्मरणीय योगदान रहा है।

वहीं भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भी रिज मैदान पर अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इस अवसर पर कहा कि अटल विहारी वाजपेयी विश्व के महान राष्ट्रवादी नेता रहें है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामसड़क योजना, प्रधानमंत्री पेयजल योजना जैसी महत्वकांक्षी योजनाओं के माध्यम से देश के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि अलग–अलग राजनीति दलों में सामजस्य बिठाकर सरकार चलाने में वाजपेयी की महारत थी।

उधर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मनाली में स्थापित उनकी प्रतिमा पर बीती शाम दीपक जलाए गए। वाजपेयी के गांव प्रीणी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वाजपेयी मनाली के निकट प्रीणी गांव को अपना दूसरा घर कहते थे तथा गर्मियों के दौरान यहां आकर रहते थे।

### आईजीएमसी–मामला

प्रदेश सरकार ने आईजीएमसी शिमला में मरीज को पीटने के मामले में सीनियर रेजिडेंट डॉ. राघव निरूला की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। गत देर सायं चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान निदेशक ने डॉक्टर के टर्मिनेशन के आदेश जारी किए हैं।

*बीते 22 दिसंबर को आईजीएमसी शिमला में डॉक्टर द्वारा मरीज की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया में वारयल हुआ जिस पर काफी हंगामा भी देखने को मिला।सरकार ने मामले की गंभीरता देखते हुए जांच बिठाई और रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टर की सेवाएं समाप्त कर सख्त एक्शन लिया है। आईजीएमसी प्रशासन ने जांच पूरी होने तक डॉक्टर को अवकाश पर भेजा था। लेकिन जांच की रिपोर्ट आने के बाद सरकार ने डॉक्टर को टर्मिनेट कर दिया है। सरकार ने 23 दिसंबर को घटना को लेकर एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन कर शीघ्र तथ्यात्मक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला कि इस घटना के लिए मरीज और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर दोनों जिम्मेदार थे।रिपोर्ट में इसे कदाचार, दुर्व्यवहार, सार्वजनिक सेवक के लिए अनुचित आचरण और रेजिडेंट डॉक्टर पॉलिसी 2025 का उल्लंघन माना जिसके आधार पर रेजिडेंट डॉक्टर पॉलिसी 2025 की धारा–9 के तहत कार्रवाई करते हुए डॉ. राघव निरुला की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किए गए हैं।*

क्रिसमस

देश और विदेश में आज क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। देशभर के गिरिजाघरों को रंग–बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। क्रिसमस ईसा मसीह के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला प्रमुख ईसाई त्योहार है। राजधानी शिमला स्थित क्राईस्ट चर्च में सुबह से ही प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। क्रिसमस को लेकर बाजारों में भी खूब भीड़ जुटी हुई है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को क्रिसमस पर्व पर शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा कि क्रिसमस ईसा मसीहा के सत्य, प्रेम और करूणा की शाश्वत शिक्षाओं की याद दिलाता हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि ये त्योहार आपसी सौहर्द और भाईचारे के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि ईसा मसीह का जीवन और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं क्योंकि वे निःस्वार्थ सेवा, दया और मानवता को बढ़ावा देती हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। हालांकि प्रदेशभर में मौसम के इस मिजाज के बावजूद शुष्क ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने 28 व 29 दिसंबर को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है।

————————————